
माँ महागौरी

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...




● वर्ष- 16 अंक 240 ● कटनी ● सोमवार, 3 अक्टूबर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष-8 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935


## यूपी में भगवान शंकर- मां काली की लीला देखने उमड़ी भीड़, शार्ट सर्किट हो गया

# यूपी के भदोही पंडाल में 3 बच्चे समेत 5 जिंदा जले

**लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के भदोही में रविवार शाम को 8 बजे एक दुर्गा पंडाल में 5 लोग जिंदा जल गए। इनमें 3 बच्चे और 2 महिलाएं शामिल हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब भगवान शंकर और मां काली की लीला का मंचन चल रहा था। मंच के सामने 200 से ज्यादा लोग बैठे थे। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल थे। तभी मंच के दाईं तरफ अचानक आग भ ?क गई।**



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, 20 सेकेंड में आग पूरे पंडाल में फैल गई। पहले तो लोगों को कुछ समझ ही नहीं आया। जैसे ही आग की लपटें बढीं, अफरा-तफरी मच गई। जिसे जहां जगह मिली, लोग वहां भागने लगे। भीड ज्यादा होने की वजह से लोग जब तक बाहर निकलते, उससे पहले आग की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों ने किसी तरह उन्हें निकाला। तब तक 67 लोग बुरी तरह जख्मी हो गए थे। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।

### पांचों ने अस्पताल में दम तोड़ा

सभी घायलों को इलाज के लिए वाराणसी और प्रगायराज ले जाया गया। हादसे के 3 घंटे बाद रविवार रात 11 बजे घायल 12 साल के अंकुश सोनी और 45 साल की जया देवी ने दम तोड़ दिया। इसके बाद, सोमवार सुबह 9 बजे फिर बुरी खबर आई। 8 साल के हर्षवर्धन, 10 साल के नवीन और 48 साल की आरती भी जिंदगी की जंग हार गई। इस तरह इस हादसे में अब तक 5 लोग दम तोड़ चुके हैं। 47 की हालत गंभीर है। इनके अलावा 15 लोग मामूली रूप झुलसे हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि मरने वालों का आंकडा और बढ सकता है।

### शार्ट सर्किट की वजह से हुआ हादसा

प्रशासन ने हादसे की वजह पर अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। एक प्रत्यक्षदर्शी महिला बुद्धी ने बताया कि शार्ट-सर्किट की वजह से आग लगी। इसके बाद पूरे पंडाल में फैल गई। एक और महिला ने बताया, पंडाल में बहुत तेजी से आग फैली थी। आग की लपटें ऊपर तक जा रही थीं। लोग खुद ही बचाव के लिए आ गए। पानी डालने लगे। किसी तरह लोगों को बचाया गया। बताया जा रहा है कि अंदर माता जी की गुफा जैसा पंडाल था। एक तरफ माता जी की मूर्ति लगी थी। प्रत्यक्षदर्शी विनय कहते हैं, शंकर और काली मां की लीला का मंचन हो रहा था। आरती का समय हो चला था। इसलिए पंडाल में 200 लोग मौजूद थे। अचानक आग लग जाती है। आग देखकर हम लोग दौड़कर पहुंचे। पर्दा खींचकर फाड़ दिए, ताकि लोग बाहर भाग सकें।

### पूजा अनुमति के बावजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ी खड़ी नहीं थी

दुर्गा पूजा की अनुमति ली गई थी। मगर, परिसर के आस-पास अग्निशमन विभाग की फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं खड़ी थी। हादसे के करीब 20 मिनट के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पहुंची। 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## दुर्गा पूजा- मां महागौरी सभी के जीवन में संपत्ति, समृद्धि और सफलता लाएं : मोदी

## पीएम ने की महाअष्टमी पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** शक्ति पूजा के नवरात्र पर आज महा अष्टमी के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्विटर देशवासियों को शुभकामनाएं और बधाई दी है। पीएम ने हिंदी में नवदुर्गा के आठवें रूप देवी महागौरी को समर्पित एक स्तुति साझा करते हुए ट्वीट किया है। पीएम ने ट्वीट करते हुए लिखा महा अष्टमी की अनंत शुभकामनाएं। मां महागौरी सभी के जीवन में संपत्ति, समृद्धि और सफलता लाएं। पीएम मोदी ने नवरात्रि के आठवें दिन देवी महागौरी पर एक स्तुति साझा करते हुए महागौरी की पूजा पर प्रकाश डाला।हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, देवी शैलपुत्री बेहद खूबसूरत थीं और 16 साल की उम्र में उनका रंग गोरा था। उनकी गोरी त्वचा के कारण, उन्हें देवी महागौरी के नाम से जाना जाने लगा। उनकी तुलना शंख, चंद्रमा और कुंड के सफेद फूल से भी की जाती है। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूा के नाम से भी जानी जाती हैं। देवी महागौरी को चार हाथों से दर्शाया गया है, एक दाहिने हाथ में त्रिशूल और दूसरे दाहिने हाथ में अभयमुद्रा रखते हुए। उनके एक बाएं हाथ में डमरू है और दूसरे बाएं हाथ में वरदमुद्रा।



### 72 घंटे की भू समाधि से बाहर आए बाबा पुरुषोत्तमानंद

**भोपाल, यश भारत।** राजधानी में टीटी नगर माता मंदिर के पीछे भद्रकाली विजयासन दरबार के आध्यात्मिक संस्था के संस्थापक बाबा पुरुषोत्तमानंद महाराज तीन दिन के बाद आज सुबह 11 बजे भू समाधि से बाहर आ गए। गुफा मंदिर के महंत रामप्रवेश दास महाराज व पुतलीघर के महंत अनिलानंद महाराज की मौजूदगी में बाबा भू समाधि से बाहर आए। आश्रम के सेवादारों ने जैसे ही समाधि की जगह से मिट्टी की परत हटाने के बाद एक-एक कर पटियों को हटाया, तो बाबा गड्ढे में शांत भाव से ६?यान मुद्रा में बैठे नजर आए। यह देखते ही भक्तों में खुशी की लहर दौड़ गई।

## भारत के एयरस्पेस से गुजर रहे ईरानी विमान में बम की सूचना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जयपुर में लैंडिंग की परमिशन नहीं दी गई भारतीय एयरस्पेस से गुजर रहे एक ईरानी विमान में बम की सूचना मिली है। विमान में बम की जानकारी लाहौर एयरपोर्ट पर-ङ्गष्ट ने दी है। बम की सूचना मिलने पर विमान ने दिल्ली और जयपुर में लैंडिंग की परमिशन मांगी, जिसे इनकार कर दिया गया।

### ग्वालियर और सागर में हत्या

## भोपाल में होटल की सेंटरिंग ढही, पिता-पुत्र की मौत

**ग्वालियर, एजेंसी।** पहाड़िया पुलिस चौकी के ठीक सामने शिव मंदिर में पूजा करने गए 26 साल के CA स्टूडेंट की हत्या कर दी गई। छात्र के सिर झुकाने पर किसी ने पीछे से सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जब स्थानीय लोगों ने छात्र को लहूलुहान मंदिर में पड़ा देखा, तो अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र रिंकू उर्फ अमर रजक की हत्या किसने की? पुलिस जांच कर रही है। उधर, सागर के मोतीनगर थाना इलाके की आवास कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय किशोर की गोली मारकर हत्या। शव कॉलोनी में पड़ा हुआ मिला। वह रात में दुर्गाजी की झांकियां देखने गया था। घटना रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है। भोपाल के रायसेन रोड में निर्माणाधीन होटल की छत की सेंटरिंग गिरने से ठेकेदार पिता और बेटे की मौत हो गई। एक मजदूर घायल है। घटना रविवार रात 10.30 बजे की है। तीनों लोग सेंटरिंग का काम कर रहे थे। इसी बीच सेंटरिंग का लकडी का एक पिलर टूट गया। तीनों लोग नीचे गिर आए। हादसे में ठेकेदार मोहम्मद हनीफ और उनके बेटे मोहम्मद फरदीन की मौत हो गई। बिलखिरिया पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बताया गया होटल Reshumrao के पिछले हिस्से में निर्माण कार्य चल रहा है।

## गुरुग्राम में बिल्डिंग डिमोलिश करने के दौरान हादसा 3 मजदूर मलबे में फंसे



**हरियाणा, एजेंसी।** के गुरुग्राम में सोमवार को बिल्डिंग डिमोलिश करते वक्त हादसा गया। यहां के उद्योग विहार फेज 1 में 3 मंजिला इमारत गिराने के दौरान कुछ मजदूर मलबे की चपेट में आ गए। फायर ब्रिगेड के अफसर ने बताया कि एक मजदूर को रेस्क्यू कर लिया गया है। वहीं, 3 मजदूर मलबे में फंसे हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।डीसीपी वेस्ट दीपक सहारन ने बताया कि यह एक पुरानी इमारत थी, जिसे 26 सितंबर से ही तोड़ा जा रहा था। 2 मंजिल तोड़े जा चुके थे, लेकिन आखिरी हिस्सा ढह जाने से यह हादसा हुआ।

## पंजाबी गायक अल्फाज पर हुआ जानलेवा हमला



**हरियाणा, एजेंसी।** पंजाबी सिंगर अल्फाज पर जानलेवा हमला हुआ है, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। मोहाली के एक रेस्तरां में मामूली झग? के बाद अल्फाज पर यह हमला किया गया है। गंभीर हालत में उन्हें मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती किया गया है। अल्फाज पर हमले की सूचना सिंगर हनी सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पर उनकी तस्वीर शेयर करके दी है। मोहाली पुलिस ने बताया कि एक ढाबे के पास उनकी गाड़ी में टक्कर मारी गई थी। आरोपी को हमने गिरफ्तार कर लिया है। अल्फाज अभी खतरे से बाहर हैं।



## पेट्रोल-डीजल राजस्थान और उत्तर प्रदेश में महंगा, बिहार में सस्ता

**नई दिल्ली एजेंसी।** वैश्विक बाजार में सोमवार को एक बार फिर कच्चा तेल महंगा हो गया है। ब्रेंट क्रूड 2.72 फीसदी बढ़कर 87.46 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, जबकि डब्ल्यूटीआई 81.62 डॉलर प्रति बैरल है। सरकारी तेल कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल में देश के चारों महानगरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं राजस्थान में पेट्रोल पर 0.51 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 108.58 रुपए प्रति लीटर हो गया है, डीजल 0.46 रुपए बढ़कर 93.81 रुपए प्रति लीटर हो गया है। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल 0.14 रुपए बढ़कर 96.77 रुपए प्रति लीटर और डीजल 0.13 रुपए बढ़कर 89.93 प्रति लीटर हो गया है। दूसरी तरफ बिहार में पेट्रोल 0.36 रुपए सस्ता हो गया है। यहां पेट्रोल की नई कीमत 108.87 रुपए प्रति लीटर है, वहीं डीजल 0.34 रुपए की गिरावट के साथ 95.54 रुपए प्रति लीटर है।दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.92 रुपए और डीजल 90.08 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 96.26 रुपए और डीजल 89.45 रुपए प्रति लीटर है। लखनऊ में पेट्रोल 96.68 रुपए और डीजल 89.87 रुपए प्रति लीटर है। पटना में पेट्रोल 107.59 रुपए और डीजल 94.36 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब?लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

**ब्रेंट क्रूड 2.72 फीसदी बढ़कर 87.46 डॉलर प्रति बैरल**

## पंजाब पुलिस का आतंक पर प्रहार आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश 2 गिरफ्तार

**फिरोजपुर (ईएमएस)।** पंजाब पुलिस को आतंकवाद के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। खबर है कि रूपनगर पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। इस दौरान दो लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है और कुछ हथियार भी बरामद किए गए हैं। खबर है कि इसके जरिए राज्य में सांप्रदायिक सद्भावना बिगाड़ने और टारगेट किलिंग की साजिश रची जा रही थी। पंजाब पुलिस के अनुसार, टेरर मॉड्यूल को कनाडा में रहने वाले खालिस्तान टाइगर फोर्स के गैंगस्टर अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डाला की तरफ से चलाया जा रहा था। डाला, केटीएफ के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर का करीबी है। वहीं, गिरफ्तार हुए लोगों की पहचान मोगा में चांद नावा गांव के रहने वाले वीजा सिंह उर्फ गगन उर्फ गग्गू और गंजी गुलाब सिंह वाला गांव के रंजोध सिंह उर्फ ज्योति के रूप में हुई है। पुलिस ने 21 जिंदा कारतूसों के साथ 0.22 बोर रिवॉल्वर और 0.32 बोर पिस्टल भी बरामत की है। खास बात है कि चार दिन पहले ही पुलिस ने फिरोजपुर में धान के खेत से दो मैगजीन और 60 जिंदा कारतूसों के साथ एक एके-47 बरामद की थी। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है डाला के इशारों पर ड्रोन की मदद से हथियार गिराए गए थे और वीजा और रंजोध को अरिफ्के गांव से इन्हें हासिल करना था।



## शहडोल जिला अस्पताल के स्टाफ नर्स की संदिग्ध हालात में मौत

शहडोल, । कुशाभाऊ ठाकरे जिला अस्पताल में पदस्थ स्टाफ नर्स की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। स्वजनों को मौत के पीछे करंट लगने की जानकारी दी गई। जबकि लड़की पक्ष का आरोप है कि उनकी बेटी की मौत करंट लगने से नहीं हुई, बल्कि उसकी हत्या की गई है। जानकारी के अनुसार प्रिया द्विवेदी पति अरविंद शर्मा उम्र 25 वर्ष जिला चिकित्सालय में स्टाफ नर्स के पद पर थीं। रविवार कि सुबह करंट की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार प्रिया द्विवेदी का विवाह 11 मई 2022 को शहडोल के गांव एताझर में हुआ था। उनके पति अरविंद शर्मा प्राइवेट जॉब करते हैं। रविवार की सुबह नाइट ड्यूटी कर अस्पताल से वह अपने घर गई थी।

## मुलायम की तबियत फिलहाल स्थिर

## पीएम मोदी, राजनाथ, राहुल, प्रियंका ने की जल्द स्वस्थ होने की कामना

**गुरुग्राम (ईएमएस)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के संरक्षक मुलायम सिंह यादव की तबीयत फिलहाल स्थिर बताई जाती है। वह पिछले 6 दिनों से गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती हैं। ऑक्सीजन लेवल कम होने और यूरीनरी ट्रैक्ट में संक्रमण के बाद कल उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया। मुलायम सिंह यादव की किडनी में भी गंभीर स्तर का संक्रमण है। उन्हें 26 सितंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुलायम की तबियत गंभीर होने की बात सुनते ही उनके सभी परिजन एक-एक कर गुरुग्राम पहुंच रहे हैं। मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई शिवपाल यादव के साथ-साथ अखिलेश और डिंपल अपने बच्चों के साथ लगातार उनके साथ हैं। शिवपाल यादव के मुताबिक अगले 24 घंटे मुलायम सिंह यादव के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। धर्मेंद्र यादव भी हॉस्पिटल में मौजूद है। अखिलेश यादव अपनी पत्नी और बच्चों के साथ वेदांता हॉस्पिटल पहुंच चुके हैं। दूसरी ओर मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू भाजपा नेता अपर्णा यादव भी दिल्ली पहुंच रही हैं।मुलायम सिंह यादव फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में हैं। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ नितिन सूद और डॉ सुशील कटारिया उनका इलाज कर रहे हैं।



## बारिश के बीच राहुल की जनसभा

# कर्नाटक में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान बोले- हम प्यार फैलाने निकले है

### हमें कोई नहीं रोक सकता

**कर्नाटक, एजेंसी।** मैसूर में भारत जोडो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने बारिश के बीच जनसभा को संबोधित किया। गांधी जयंती के मौके पर जब पूरे दिन की यात्रा के बाद राहुल लोगों को संबोधित करने के लिए मंच की तरफ बढ़े तो बारिश होने लगी। इस मौके पर राहुल ने बारिश रुकने का इंतजार नहीं किया। भीगते हुए उन्होंने भाषण जारी रखा। राहुल ने कहा- चाहे कुछ हो जाए, भारत जो?ा यात्रा को कोई नहीं रोक सकता। हमारी यात्रा का उद्देश्य भ्ख्क्क त्र्स्स की फैलाई हुई नफरत और हिंसा को रोकना है। गर्मी, तूफान या सर्दी भी इस यात्रा को नहीं रोक पाएंगे। यह यात्रा नदी की तरह बिना रुके कन्याकुमारी से कश्मीर जाएगी। और इस नदी में आपको नफरत और हिंसा जैसी चीजें नहीं मिलेंगी। इसमें सिर्फ प्यार और भाईचारा मिलेगा जो भारत के इतिहास और DN में है। भाजपा और संघ ने चाहे जितनी नफरत फैलाई हो, ये यात्रा उसे रोकेगी और लोगों को फिर से जोड़ने में मदद करेगी।गांधी जयंती पर राहुल बोले- महात्मा गांधी के कदमों पर चलना आसान नहींरविवार को दिन की रैली के दौरान राहुल ने महात्मा गांधी की 153वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राहुल कर्नाटक के बदनावलु में उस खादी ग्रामोद्योग केंद्र पहुंचे जहां 1927 में महात्मा ने दौरा किया था। यहां राहुल ने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों के लिए राष्ट्रपति की धरोहर को अपना बताना बहुत आसान है, लेकिन महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चलना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि जैसे महात्मा गांधी ने अंग्रेज सरकार से लडाई लडी थी, हमने भी इस सोच के खिलाफ जंग छेड़ी है जिसने महात्मा की हत्या की थी। इस सोच ने ही पिछले 8 साल में हमारे देश में असमानता, भेदभाव फैलाया है। ब?ी मुश्किलों से कमाई हमारी आजादी को धीरे-धीरे करके खत्म किया है। हिंसा और असत्य की इसी राजनीति के खिलाफ भारत जो?ा यात्रा अहिंसा और स्वराज का संदेश फैलाएगी।







## पहला स्वदेशी LCH वायुसेना में शामिल, रक्षा मंत्री ने बताया आत्मनिर्भरता की ओर बड़ा कदम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का पहला स्वदेशी लाइल कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (LCH) जोधपुर में भारतीय वायुसेना में शामिल हो गया है। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल वीआर चौधरी मौजूद रहे। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और IAF प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी की उपस्थिति में भारतीय वायु सेना में स्वदेशी रूप से विकसित पहले लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (LCH) के प्रेरण समारोह में एक सर्व-धर्म प्रार्थना की गई। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भारतीय वायु सेना में देश की प्रथम स्वदेशी LCH का आगमन हो रहा है। प्रचंड शक्ति, प्रचंड वेग और प्रचंड प्रहार की क्षमता वाले इस LCH का आगमन हमारी वायु सेना की क्षमताओं में बढ़ोतरी के साथ-साथ रक्षा उत्पादन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर भी एक बड़ा कदम है।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 03 अक्टूबर 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

## पलंग पर सो रही मां-बेटी को चादर में लिपटे सर्प ने डसा

**कटनी, यशभारत।** पलंग पर एक-साथ सो रही मां-बेटी को चादर में लिपटे सर्प ने डस लिया। दोनों को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सकों ने बेटी को देखते ही मृत घोषित कर दिया और मां को भर्ती कर उपचार शुरू किया लेकिन उपचार शुरू होने के कुछ देर बाद ही मां ने भी दम तोड़ दिया। घटना के संबंध में जिला अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिना पन्ना के रैपुरा थाना अंतर्गत कजगवां ग्राम निवासी 30 वर्षीय रोना पति आनंदी लोधी अपनी 5 वर्षीय बेटी शिवानी लोधी के साथ शनिवार की रात घर के कमरे में सोई थी। सुबह 4 बजे के लगभग रीना के चिल्लाने पर उसके ससुर मौके पर पहुंचे तो रीना ने बताया कि उसे व बेटी को सांप ने डस लिया है। सांप विस्तर में चादर में ही लिपटा मिला, जिसे भगाते हुए परिजन दोनों को तत्काल रैपुरा अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल कटनी के लिए रिफर कर दिया गया। परिजन दोनों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां पर जांच के बाद चिकित्सकों ने बेटी शिवानी को मृत घोषित कर दिया। वहीं मां रोना का उपचार शुरू किया।

**बेटी ने रास्ते में दम तोड़ा, मां की इलाज के दौरान मौत**

### मैहर दर्शन करने गया था पति

अस्पताल में मौजूद परिजनों में बताया कि रीना लोधी का पति आनंदी लोधी उसी दिन मैहर माता के दर्शन के लिए निकला था। मैहर में जब उसे पत्नी और बेटी की जानकारी मिली तो वह मैहर कटनी अस्पताल पहुंचा।

# विधायक ने खितौली, बरही व सिनगौड़ी में निर्मित हो रहे खेल परिसरों का लिया जायजा

## जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट टीमों के विजयराघवगढ़ आने की संभावना, गरीब-आदिवासी बहुल क्षेत्र में क्रिकेट की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों से संपर्क कर रहे संजय पाठक



**कटनी,यशभारत।** विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने विधानसभा में खेल सुविधाओं की वृद्धि के लिए खितौली, बरही, सिंगौड़ी में निर्मित हो रहें सर्वसुविधायुक्त खेल परिसरों का जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे, एसडीएम महेश मंडलोई के साथ खेल परिसरों का जायजा लिया। उन्होंने खितौली में बन रहे खेल परिसर में निर्माण की धीमी गति पर निर्माण एजेंसी के इंजीनियर सहित अन्य अधिकारियों से नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि तय समय में कार्य की पूर्णता हो जानी थी पर अभी की स्थिति में कार्य पूर्ण होने में बहुत समय लगेगा। बरही में बनने वाले स्टेडियम की जमीन पर अवैध कब्जा हटाने के संबंध में भी चर्चा कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की संभावना बन गई एसडीएम श्री मंडलोई द्वारा अवैध कब्जों हटाने के लिए एक सप्ताह का समय लिया है इसके पश्चात बरही में बन रहे 1 करोड़ 34 लाख के 4 फ्लोर के इंडोर बैडमिंटन कोर्ट परिसर का भी निरीक्षण कर जल्द से निर्माण पूरा करने के लिए अधिकारियों व ठेकेदार को बोला। इसी तरह उन्होंने सिंगौड़ी एवं विजयराघवगढ़ के बंजारी स्टेडियम का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि देश को प्रगति की राह पर गतिमान बनाने में युवा वर्ग अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा प्रदान कर राष्ट्र निर्माण में इस महत्वपूर्ण वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं इसमें खेल भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संपूर्ण देश में एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। मेरी विधानसभा में भी शासन द्वारा अभी एक करोड़ से अधिक लागत के तीन सर्वसुविधायुक्त खेल परिसरों का निर्माण चल रहा है एक पूर्णता को ओर है मेरी इच्छा है की अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का इन खेल मैदानों में आगमन हो जिससे क्षेत्र के युवाओं का उच्च स्तर के खिलाड़ियों तक का खेल देखने व खेलने का अनुभव प्राप्त हो हमारा क्षेत्र आदिवासी बहुल क्षेत्र भी है उन्हें भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का अनुभव मिलना चाहिएएवैसे भी खेलों का मानव जीवन में बहुत महत्व है और खेल-कूद गतिविधियां मनुष्य को स्वस्थ बनाती हैं तथा आपसी प्यार, सदभावना पैदा करती है खेलकूद मानव जीवन में अपने कर्तव्य के प्रति बोध को जागृत करने और अनुशासन की भावना को प्रगाढ़ करने में सहायक होते हैं।

## शहर से लापता किशोर गाजियाबाद में मिला

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के शास्त्री कॉलोनी क्षेत्र से लापता हुए पांच वर्षीय बालक को पुलिस ने उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद शहर से बरामद कर लिया है। बालक को गाजियाबाद जिले में एक बाल सम्प्रेक्षण गृह से दस्तयाब किया गया है। पुलिस ने इस मामले में परिजनों की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज किया था। बालक मुड़वारा स्टेशन से एक ट्रेन में बैठकर चला गया था। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि खिरहनी फाटक क्षेत्र निवासी एक बालक 17 सितंबर को खेलते-खेलते लापता हो गया था। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से पुलिस टीम द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी भी खंगाले गए। उसकी फोटो भी दूसरे जिलों, रेलवे स्टेशनों में भेजी गई, साथ ही दूसरे जिलों की पुलिस को भी उसके संबंध में जानकारी दी गई। इस बीच उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद से सूचना मिली कि एक लापता बालक जीआरपी पुलिस को स्टेशन में मिला है। जिसे जीआरपी ने बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया है। जिसके बाद पुलिस टीम को गाजियाबाद रवाना किया गया। पुलिस टीम ने गाजियाबाद के घरौंदा बाल सम्प्रेक्षण गृह से बालक को बरामद कर कटनी ले आई है। कटनी पहुंचने के बाद बालक को सुरक्षित परिजनों सौंपा दिया गया।

**सीसीटीवी कैमरों की मदद से कोतवाली पुलिस को मिली सफलता**



श्री मरही माता दुर्गा उत्सव समिति, चंद्रशेखर आजाद वार्ड बावली टोला।

## 17 सालों से बावली टोला में स्थापित हो रही भव्य दुर्गा प्रतिमा

**कटनी, यशभारत।** श्री मरही माता दुर्गा उत्सव समिति द्वारा चंद्रशेखर आजाद वार्ड के अंतर्गत बावली टोली में लगातार 17वें वर्ष आदिशक्ति जगतजननी मां दुर्गा की भव्य और मनोहारी प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां प्रतिदिन सुबह-शाम मां दुर्गा की पूजा अर्चना एवं महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिमा के दर्शनार्थ यहां बड़ी संख्या श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। समिति के संयोजक दुर्गेश बर्मन, राजा, टिंकू, विक्की, जे डी, पंकज शर्मा, राहुल छूट्टू, राकेश, सोनू, गोलू गुप्ता, नवीन, अतुल, शुभम, सावन, बाबू, हर्ष, गप्पू, संदीप, प्रियांश, रिंकू, ऋषभ बूटी, जयस, कान्हा, वंश, संदीप, राहुल, शरद, सुरेन्द्र, भीम, नकुल, करन, अभय, गोलू, अप्पू, पवन, दिलीप, साहिल एवं अंश द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है। यहां 3 अक्टूबर को महाप्रसाद वितरित किया गया एवं कल 4 अक्टूबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। श्री मरही माता दुर्गा उत्सव समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से धार्मिक कार्यक्रमों में पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

**कल विशाल भंडारे का आयोजन, कटनी नदी में होगा विसर्जन**

## गाटरघाट में अखंड भारत की झांकी दर्शाती मां दुर्गा

### 25 सालों से चला आ रहा अनूठी झांकी पेश करने का सिलसिला

**कटनी, यशभारत।** श्री श्री 1008 बजरंग उत्सव समिति द्वारा लगातार 25वें वर्ष आजाद चौक, गाटरघाट में आदिशक्ति जगतजननी मां दुर्गा की भव्य और मनोहारी प्रतिमा स्थापित की गई है। समिति द्वारा हर साल कुछ नया प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाता रहा है। इसी कड़ी में इस बार मां जगदम्बा की भव्य प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही अखंड भारत की झांकी प्रस्तुत की गई है। समिति के पदाधिकारियों को उम्मीद है कि पिछले वर्षों में जिस तरह अनूठी झांकी पेश की जाती रही है, उसी तरह इस बार भी इस झांकी को काफी पसंद किया जाएगा। गाटरघाट स्थित आदिशक्ति मां दुर्गा मंदिर परिसर में नवरात्र पर्व की पंचमी पर मां दुर्गा की विधिविधान के साथ स्थापना की गई। इसके उपरांत महाआरती एवं प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य हर संभव सहयोग प्रदान कर रहे हैं।



## मरही माता मंदिर में कन्या भोज एवं विशाल भंडारा

### कल होगा जवारा विसर्जन

**कटनी, यशभारत।** बावली टोला स्थित मरही माता मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। यहां नवरात्र पर्व की बैठकी के दिन परंपरानुसार कलश स्थापना के साथ जवारे बोए गए। मंदिर के पुजारी बद्री प्रसाद बर्मन पंडा ने बताया कि मरही माता मंदिर में सुबह शाम माता रानी का भव्य श्रृंगार किया जाता है और पूजा अर्चना के साथ ही आरती की जा रही है। जिसमे बड़ी संख्या में आसपास के श्रद्धालु शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित कर रहे है। पंचमी पर मरही माता, मां दुर्गा, मां काली, मां संतोषी का अद्भुत एवं मनोहारी श्रृंगार किया गया। मरही माता मंदिर में आज अष्टमी के दिन सोमवार को हवन, कन्या भोजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। नवमी पर कल जवारा विसर्जन जुलूस निकाला जाएगा।



## नवरात्र की पंचमी पर मां शारदा शक्तिपीठ मंदिर कचौरी में कन्या भोज



**कटनी, यशभारत।** नवरात्र पर्व की पंचमी पर समीपी ग्राम कचौरी में स्थित मां शारदा शक्ति पीठ मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। ग्राम कचौरी में स्थित मां शारदा शक्ति पीठ मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां शुक्रवार को कन्या भोजन का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपिस्थति रही, वहीं मां शारदा के श्रद्धालुओं द्वारा बैंड बाजे के साथ झूमते हुए इस नवरात्रि के पांचवी तिथि का आनंद लेते हुए लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर सुरेश सेन ने इस कन्या भोज आयोजन कार्यक्रम में परिवार एवं ग्राम पंचायत कचौरी के शारदा परौहा सहित गांव के भक्त और श्रद्धालु उपस्थित रहे। जय शारदा माता शक्ति पीठ माता मंदिर में सरपंच ने मंदिर में पूजा अर्चना कर माता रानी शारदा माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## चंडिका मंदिर में नवरात्र पर गरबा महोत्सव की धूम

### आज महाष्टमी पर पूर्णाहूति हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन, कल निकलेगा जवारा जुलूस



**कटनी, यशभारत।** चण्डिका नगर स्थित मां चण्डिका मंदिर परिसर में नवरात्रि पर्व पर विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिकों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसका समापन कल नवरात्र पर्व की सप्तमी पर किया गया। गरबा नृत्य महोत्सव में बालिकाओं ने देवी भजनों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर पूरे माहौल को धर्ममय बना दिया। इसके उपरांत अतिथियों द्वारा प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरित किए गए। गरबा नृत्य महोत्सव में बड़ी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। चंडिका मंदिर में रोजाना रात साढ़े 8 बजे महाआरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित कर रहे हैं। आज नवरात्र पर्व की अष्टमी पर चंडिका मंदिर में सुबह 9 बजे से पूर्णाहूति हवन एवं दोपहर 11 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। चंडिका मंदिर में विराजीं मां दुर्गा की प्रतिमा एवं जवारा विसर्जन जुलूस नवरात्र पर्व की नवमी पर 4 अक्टूबर को शाम को निकाला जाएगा एवं कटनी नदी में श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया जाएगा।





## नई बस्ती में होगा कोरोना रावण का दहन

**कटनी, यशभारत।** कोरोना संक्रमण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नई बस्ती शंभू टॉकीज रोड में छिरौल्या परिवार के छोटे बच्चों द्वारा कोरोना रूपी रावण का दहन किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक 5 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन शाम 7 कोरोना रावण का दहन प्रेमा भवन, आजाद गुप्ता के घर के पास किया जाएगा।

## बुजुर्ग समाज की धरोहर, उनके अनुभवों का लाभ ले युवा पीढ़ी



### श्रीकृष्ण वृद्धाश्रम में मना अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

**कटनी, यशभारत।** पंडित देवप्रभाकर नगर दद्दाधाम स्थित श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम में निवासरत वृद्धजनों का सम्मान करते हुए अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम समिति एवं दद्दा जी शिष्य मंडल के सदस्यों द्वारा वृद्धजनों का तिलक लगाकर, शाल ओढ़ाकर एवं श्रीफल फूलमालाओं से सम्मान किया गया। वृद्धजन दिवस के कार्यक्रममें वक्ताओं ने कहा कि बुजुर्ग समाज की धरोहर है वे समाज को दिशा देने का काम करते हैं। युवा पीढ़ी वृद्धजनों का सम्मान करे और उनके अनुभवों का लाभ ले। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गुरु भाइयों की उपस्थिति रही।

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस,
बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

**Required**

An Office Assistant Boy & Girl who must be Graduate, Having the knowledge of English Language, Computer Operations, MS-Excel and Busy Accounting Software. Strictly Only those persons apply who are fulfilling above all critaria to.

**M/s RK Dall & Food Products Katni Pvt. Ltd,**
**MadhavnagarKatni Mo. 9827261961**
**Email - rk.katni@gmail.com**

mgm HOSPITAL
कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow

From 30th September 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

## प्रदेश में वाहन चालकों को हेलमेट पहनना अनिवार्य

# बिना पहने न पेट्रोल मिलेगा, न दफ्तर में एंट्री

**भोपाल, यश भारत। पुलिस कमिश्नर और सभी जिलों के एसपी को बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बिना हेलमेट के वाहन चालकों को न पेट्रोल मिलेगा और न ही सरकारी कर्मचारियों को ऑफिस में एंट्री।।**



मध्यप्रदेश में अब दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा। बिना हेलमेट के वाहन चालकों को न पेट्रोल मिलेगा और न ही सरकारी कर्मचारियों को ऑफिस में एंट्री। भोपाल पुलिस कमिश्नर और सभी जिलों के एसपी को बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रदेशभर में वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट को रोजाना पीएचक्यू भेजना होगा। हेलमेट नहीं लगाने पर वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 128 और 129 के तहत कार्रवाई होगी। 6 अक्टूबर से कारवाई के लिए अभियान शुरू होगा।

पीएचक्यू ने वाहन चालकों के लिए हेलमेल का इस्तेमाल अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए पुलिस भी जरूरी कदम उठाने की तैयारी में है। पुलिस पेट्रोल पंपों पर भी तैनात होगी और हेलमेट न पहनने वाले वाहन चालकों की निगरानी करेगी। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा।

पुलिस की जिम्मेदारी होगी कि पंप मालिक हेलमेट के बिना पेट्रोल न दें। पुलिस बिना हेलमेट पेट्रोल भरवाने वालों को हिदायत भी देगी। इसके अलावा सरकारी और प्राइवेट कर्मचारियों को भी ऑफिस में हेलमेट लेकर आना अनिवार्य किया गया है, जो भी बिना हेलमेट ऑफिस आएगा, उसे ऑफिस में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रदेश में ऐसी सख्ती कर्मचारियों पर पहली बार की जा रही है। पार्किंग में भी केवल वह ही लोग वाहन पार्क कर सकेंगे जो हेलमेट लगा के आएंगे। इस संबंध में पुलिस सभी पार्किंग ठेकेदारों को निर्देश जारी करेगी। इसके अलावा स्कूल-कॉलेजों में भी जागरुकता अभियान ब? स्तर पर चलाने के लिए कहा गया है। इसके पालन कराने की जिम्मेदारी कलेक्टर की भी तय की गई है।

## भोपाल में सुबह तक गिरता रहा पानी

# आज आधे से ज्यादा प्रदेश में अलर्ट

**भोपाल, यश भारत। मध्यप्रदेश में मानसून अब सक्रिय हो गया है। राजधानी भोपाल में सोमवार रात गरज और चमक के साथ तेज बारिश शुरू हुई, जो सुबह तक होती रही। रात 12-30 तक 4 इंच बारिश हो चुकी थी। इसके बाद बारिश रुक-रुककर सुबह तक होती रही। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक ओडिशा में बने सीजन के पहले लो प्रेशर एरिया और मप्र के ऊपर से गुजर रही मानसून ट्रफ लाइन के असर के कारण ऐसी तेज बारिश हुई। प्रदेश में कहीं तेज बारिश, कहीं रिमझिम तो कहीं बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। इससे पूरा भोपाल शहर तरबतर हो गया। कई स ?कों और जगहों पर पानी भर गया।**



सीजन में पहली बार ऐसा हुआ, जब पूरे प्रदेश में एक साथ मानसूनी पानी बरसा। मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह के मुताबिक जब लो प्रेशर एरिया बंगाल की खाड़ी के नजदीक बनता तो इसका असर हमारे यहां ज्यादा होता और बारिश भी अधिक होती। सिंह ने बताया कि अभी अगले 3 दिन और ऐसी ही बारिश होने की संभावना है। आधे से ज्यादा प्रदेश में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

### इन इलाकों में दो-दो फीट तक पानी भरा

भोपाल के लालघाटी, गुफा मंदिर रोड स्थित कॉलोनियां, मिसरोद थाना, भोपाल टॉकीज, सेफिया कॉलेज रोड, बैराग? की कॉलोनियां, अयोध्या नगर की कॉलोनियां, सिंधी कॉलोनी, इब्राहिमगंज, शांति नगर, सेमरा, कटारा हिल्स, शाहपुरा, संजय नगर, कोहेफिजा कॉलोनी, बीडीए कॉलोनी सलैया।

### यहां की सड़कें पानी में डूबीं

भोपाल के वीआईपी रोड, सिंधी कॉलोनी रोड, लिंक रोड नंबर 1, बाणगंगा चौराहा, बागमुगालिया रोड, ऑरा मॉल के सामने, बैरागढ से लालघाटी रोड, कोहेफिजा, हमीदिया रोड।

### भोपाल में सबसे ज्यादा 4 इंच बारिश

सोमवार को एमपी के कई जिलों में बारिश हुई। सबसे ज्यादा बारिश भोपाल जिले में रात 12-30 तक 4 इंच बारिश हो चुकी थी।। इसके अलावा जबलपुर में 17 मिमी, गुना और पचमढ़ी में 15-15 मिमी, मंडला में 8 मिमी बारिश दर्ज की गई। ये आंकड़े सोमवार सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक की बारिश के है।

### बारिश कराने वाले 3 सिस्टम एक्टिव

प्रदेश में मूसलाधार बारिश कराने वाले तीन सिस्टम एक्टिव हैं। ओडिशा में कम दबाव का क्षेत्र बना है। दक्षिणी झारखंड में भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात है। अरब सागर से भी नमी मिल रही है। इन तीनों वजह से अगले चार से पांच दिन तक भोपाल, इंदौर समेत दूसरे शहरों में भी बारिश होती रहेगी।



# हिमाचल में पेंशनभोगियों को मिलेगा भत्ता

**शिमला , एजेंसी।**हिमाचल प्रदेश कैबिनेट की बैठक बुधवार को मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में शिमला में आयोजित की गई। बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। कैबिनेट ने बुधवार को हुई बैठक में 27 हजार आउटसोर्स कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम का नाम बदलकर कंपनी अधिनियम-2013 के प्रावधानों के तहत 'हिमाचल प्रदेश कौशल विकास एवं रोजगार निगम कंपनी' किया जाएगा। आउटसोर्स कर्मी इसी कंपनी में शिफ्ट किए जाएंगे। इससे इन्हें समय पर वेतन, अन्य लाभ और निजी कंपनियों के शोषण से मुक्ति मिलेगी। नई भर्तियां भी यही कंपनी करेगी और उसमें रोस्टर भी लागू होगा। कैबिनेट ने विभिन्न वर्ग के पेंशनभोगियों को 5 से 15 फीसदी तक पेंशन भत्ता देने को भी मंजूरी दी। कैबिनेट के सामने मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने आउटसोर्स कर्मियों के बारे में रिपोर्ट रखी, जिसे सैद्धांतिक मंजूरी दी गई।कैबिनेट ने फै सला लिया है कि यह कंपनी तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करेगी। विभिन्न सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों, विश्वविद्यालयों, राज्य के शिक्षण संस्थानों, सांविधिक संस्थाओं, राज्य सरकार के स्वामित्व और नियंत्रण वाले अन्य उपक्रमों की अस्थायी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कुशल, अर्द्धकुशल और अन्य कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करेगी। निजी कंपनियों के साथ इन कर्मियों का अनुबंध खत्म किया जाएगा। कैबिनेट ने पेंशनभोगियों, पारिवारिक पेंशनभोगियों और राज्य संवर्ग से संबंध रखने वाले अखिल भारतीय सेवा से संबंधित पारिवारिक पेंशनभोगियों को उनकी संशोधित मूल पेंशन और मूल पारिवारिक पेंशन पर क्रमवार 5, 10 और 15 प्रतिशत पेंशन भत्ता देने का निर्णय लिया है। इससे 65 से 80 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 86,200 पेंशनभोगी और पारिवारिक पेंशनभोगी लाभान्वित होंगे। राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड की ओर से संचालित सभी विद्यालयों को स्टाफ सहित शिक्षा विभाग में हस्तांतरित करने की सैद्धांतिक मंजूरी भी कैबिनेट ने दी।

**आउटसोर्स कर्मियों की नीति पर बड़ा फैसला**

# कांग्रेस ने लगाई 563 गांधी चौपालें, महंगाई और बेरोजगारी पर हुई बात

भोपाल, यश भारत। **भोपाल में गांधी चौपाल में ग्रामीणों ने गांधी टोपी पहन भाग** लिया और भजन गाए। सज्जन सिंह वर्मा ने गांधी चौपाल की अवधारणा गांव से निरंतर संपर्क जोड़ना बताया। प्रदेश की सभी पंचायतों में गांधी चौपाल लगाई जाएगी। गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को भोपाल के बीलखे ?ा बमौरी गांव से कांग्रेस का गांधी चौपाल कार्यक्रम शुरू हुआ। चौपाल की शुरुआत महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद देश की एकता और समरसता के भजन गाए गए। वैष्णव जन तो तेने कहिए पीर पराई जाने रे ज.., ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सन्मति दे भगवानज.के बाद हनुमान चालीसा के साथ कार्यक्रम समाप्त किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने गांधी टोपी पहन कर चौपाल में भागीदारी की और भजन गाए।इस अवसर पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, पीसी शर्मा एवं कांग्रेस उपाध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे।सज्जन सिंह वर्मा ने गांधी चौपाल की अवधारणा गांव से निरंतर संपर्क जोड़ना बताया। वहीं, पीसी शर्मा ने कहा कि नफरत के वातावरण को जब भारत में पनाह दी जा रही है तब गांधी चौपाल ही शांति का रास्ता और सर्व धर्म का वातावरण बना सकती है। पूरे प्रदेश में यह चौपालें कांग्रेस के सिद्धांतों को घर घर ले जाएंगी।

# यहां देवी मां को चढ़ाई जाती हैं चप्पलें और सैंडल

**भोपाल, यश भारत।** नवरात्रि पर माता मंदिर के दर्शन और भेंट चढ़ाने का सिलसिला चलता रहता है। हम आपकों आज ऐसे मंदिर के बारे में बता रहे हैं, जहां माता को चप्पलें, सैंडल, फ्रॉक चढ़ाई जाती है। मान्यता है कि देवी मां रात में चप्पल और सैंडल को धारण करती हैं। ये भी माना जाता है कि सुंदर चप्पल-सैंडल चढ़ाने से मातारानी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं। पुजारी बताते हैं कि बीते 20 सालों में यहां 15 लाख से ज्यादा जोड़ चप्पलें-सैंडल चढ़ाए जा चुके हैं। इन चप्पलों-सैंडलों को कन्याओं को दान दे दिए जाते हैं।


हम जिस मंदिर की बात कर रहे हैं, वो मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के कोलार इलाके में स्थित है। इसे पहाड़ वाली माता या जीजीबाई मंदिर के नाम से जाना जाता है। करीब 22 साल ये मंदिर एक पहाड़ी पर बनाया गया था। मान्यता है कि तकरीबन 22 साल पहले यहां ओम प्रकाश महाराज ने मूर्ति की स्थापना की थी। पुराने लोग बताते हैं महाराज ने तब शिव-पार्वती का विवाह कराया था और खुद कन्यादान किया था। तब से ओम महाराज मां सिद्धिदात्री को अपनी बेटी मान कर पूजा करते आ रहे हैं। इसलिए यहां माता रानी को बेटी स्वरूप में पूजा जाता है। लोग माता के लिए फ्रॉक भी चढ़ाते हैं। बीते 15 सालों से मंदिर में दर्शन करने आ रहीं उर्मिला विश्वकर्मा बताती हैं कि वैसे तो सालभर ही माता के दर्शन करने वाले पहुंचते हैं। नवरात्रि में भक्तों का तांता लग जाता है। मान्यता है कि यहां आने वाले भक्त माता रानी को चढ़ावे के लिए चप्पल, सैंडल और कपड़े लाते हैं और पूजा-अर्चना करते हैं। उर्मिला कहती हैं कि पहली बार जब गई थी तब माता के आगे चप्पलें रखी देखीं तो आश्चर्य हुआ पर पता चला कि मन्नत के लिए लोग चप्पलें-सैंडल चढ़ाते हैं तो मन्नत पूरी होने पर भी चप्पलें-सैंडल-फ्रॉक जैसे कपड़े चढ़ाते हैं।



मां को यहां बेटी स्वरूप में पूजा जाता है। भक्त उन्हें फ्रॉक भी पहनाते हैं।पुजारी ओमप्रकाश महाराज बताते हैं कि इस मंदिर में चप्पल के साथ-साथ चश्मा, टोपी और घड़ी भी चढ़ाई जाती है। यहां मां दुर्गा की देखभाल एक बेटी की तरह होती है। उन्होंने बताया कि पिछले 20 सालों में अब तक माता रानी के 15 लाख कपड़े चप्पल और श्रृंगार बदला जा चुका है। पुजारी ने बताया कि माता के भक्त न केवल देश बल्कि विदेश से भी चप्पल भेजते हैं। इस बार मां दुर्गा के लिए सिंगापुर, पेरिस, जर्मनी और अमेरिका से भी चप्पल आई हैं। जब भक्तों द्वारा चढ़ाई गई चप्पलों की संख्या बढ़ जाती है तो उसे कन्याओं में बांट दिया जाता है।

### दावा- देश का पहला करवाचौथ मंदिर भी यहीं

मंदिर पुजारी ओमप्रकाश महाराज बताते हैं कि मंदिर में एक करवा चौथ मंदिर की भी स्थापना की गई है। वे दावा करते हैं कि यह देश का पहला करवा चौथ मंदिर है। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर राजस्थान में केवल चौथ मंदिर है, लेकिन यहां करवा चौथ मंदिर की स्थापना की गई है। यहां हर साल करवा चौथ पर बड़ा आयोजन किया जाता है विशेष रूप से महिलाएं यहां आ कर पूजा-अर्चना करती है। इस पहाड़ी पर 12 ज्योतिर्लिंग के स्वरूप में शिवलिंग स्थापित किए गए हैं।



# अब दक्षिण अफ्रीका से लाए जाएंगे 12 चीते

**भोपाल, यश भारत। मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में अब दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते लाए जाएंगे। इनके लिए विशेष बाड़े तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चीतों के इसी साल के अंत तक भारत लाने की योजना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को नामीबिया से 8 चीतों को लाकर कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा गया है।**

मध्य प्रदेश सरकार वन विभाग के प्रमुख सचिव अशोक वर्णवाल ने कहा कि चीतों को भारत लाने को लेकर भारत सरकार और दक्षिण अफ्रीका के बीच बातचीत शुरुआती चरण में है। एक बार एमओयू होने के बाद हम चीतों को ट्रांसलोकेट करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका से भारत लाए जाने वाले चीतो के लिए बाड़े बनाने की तैयारी पूरी है। जगह चिन्हित कर ली गई है। नामाबीया से लाए चीतो के लिए बाड़े बनाने के अनुभव से अब नए बाड़े बनाने में कम समय लगेगा।अधिकारियों का कहना है कि दक्षिण अफ्रीका के प्रतिनिधिमंडल कूनों में चीतों को बसाने की तैयारी से संतुष्ट हैं। अब यह प्रतिनिधि मंडल अपनी सरकार को रिपोर्ट देगा। इसके बाद चीतों को भारत भेजने को लेकर फैसला हो जाएगा। सितंबर में दक्षिण अफ्रीका के प्रतिनिधि मंडल ने दौरा किया था। यहां पर उन्होंने उनको बसाने की तैयारी, उनके जीवित रहने के अनुकूल वातावतरण से लेकर जरूरी जानकारी ली थी।बता दें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर को नामीबिया से भारत लाए चीतों को कूना नेशनल पार्क में छोड़ा था। देश में 70 साल बाद चीतों को लाया गया है। इनमें से एक मादा चीता के गर्भवती होने की बात भी सामने आई है। यह खबर लोगों के बीच खूब चर्चा का विषय बनी हुई है। श्योपुर में चीतों के संरक्षण के लिए चीता मित्र संदेश दे रहे है। वन्य प्राणी सप्ताह के तहत यहां अधिकारी, कर्मचारी, चीता मित्र और छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली।

# सीएम शिवराज बोले समाज के साथ मिलकर बनाएंगे प्रदेश को नशामुक्त, हुक्का लाउंज पर चलेगा बुलडोजर

**भोपाल , यश भारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गांधी जयंती 2 अक्टूबर को रविवार को प्रदेश में नशामुक्ति अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने धर्मगुरुओं की मौजूदगी में जनता को प्रदेश को नशामुक्त बनाने का संकल्प दिलाया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के सहयोग के साथ मिलकर प्रदेश को नशामुक्त बनाएंगे।**



मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत में बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि नशा से मन, बुद्धि, शरीर को कोई फायदा नहीं है। फिर नशा क्यों करना। उन्होंने कहा कि एक बार नशा शुरू हो जाए तो इंसान तबाह हो जाता है। उन्होंने कहा कि मैं आश्वसत करता हूं कि सरकार अपनी तरह से प्रदेश को नशामुक्त बनाने के सभी प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ समाज के सभी लोग संकल्प लेते है तो हम प्रदेश को नशामुक्ति में देश में नंबर वन बना सकते है। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया।

# 537 हितग्राहियों को 8 करोड़ से अधिक की ऋण व अनुदान राशि वितरित




**कटनी,यशभारत।** जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने बुधनी सीहोर में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संबोधन को वर्चुअली सुना। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, उद्योगपति उद्यमी एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के 537 हितग्राहियों को 8 करोड़ 34 लाख 75 हजार रुपए के ऋष्ा एवं अनुदान सहायता राशि प्रदान की गई। अपने उद्बोधन में कलेक्टर मिश्रा ने युवाओं व महिलाओं का आव्हान किया कि वे शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ लेकर छोटे-छोटे उद्योग लगाकर अपना खुद का स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं। महिलाएं छोटे-छोटे घरेलू उद्योग जैसे पापड़ निर्माण आदि सूक्ष्म मध्यम औद्योगिक इकाईयां स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने उद्यम क्रांति योजना के तहत लाभान्वित व्यक्तियों को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सदस्य दीदीयों का आव्हान किया की वे अपने उत्पादों का निर्माण करें और कटनी की प्रदेश में केंद्रीय भौगोलिक स्थिति का लाभ उठायें। उन्होंने शहरी और ग्रामीण आजीविका मिशन के बीच समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका समूह द्वारा निर्मित उत्पादों को राष्ट्रीय शहरी आजीविका समूह के विक्रय केंद्र में रखकर उत्पादों की बिक्री की जाए। प्रदेश व्यापी रोजगार दिवस कार्यक्रम के तहत अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत लगे शिविरों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जो पात्र हितग्राही हैं, उनका परीक्षण कर लाभ दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज के प्रदेश व्यापी स्वरोजगार दिवस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वरोजगार को बढ़ावा देना तथा युवाओं को बैंकों द्वारा ऋष्ा उपलब्ध कराकर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है।

## उद्योगपतियों ने साझा किए अपने अनुभव

प्रदेश व्यापी रोजगार दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत कटनी के उद्योगपतियों द्वारा भी अपने अनुभव साझा किए गए। इसी कड़ी में मनीष गेई ने कहा टेक्नोलॉजी ने रोजगार को जहां घटाया है,वही टेक्नोलॉजी के उपयोग से इसके उत्पादन में वृद्धि भी हुई है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार को बढ़ावा देने का कार्य कर रहे हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र व अन्य संस्थाएं जो स्वरोजगार को बढ़ावा दे रही हैं। वर्तमान समय में एनवायरमेंट फ्रेंडली स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए इको फ्रेंडली उत्पादों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि युवाओं को ऐसे प्रोडक्ट की तलाश करनी चाहिए, जिनकी मांग अधिक हो व कॉम्पटीशन कम हो तथा लागत कम होने के बावजूद मार्जिन ज्यादा से ज्यादा हो।

## स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने बताए अनुभव


जिले के विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम चेरी निवासी स्व सहायता समूह की सदस्य शकुन पटेल ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने अपना सूक्ष्म उद्योग स्थापित किया और बताया कि आजीविका मिशन के माध्यम से उन्होंने अपना स्वयं का स्वरोजगार स्थापित किया। स्व सहायता समूह की महिलाओं में आशा कोरी ने बताया कि वह स्व सहायता समूह में कार्यरत हैं,उन्होंने बताया कि कैसे छोटे-छोटे ऋण से उन्होंने अपना एक सूक्ष्म उद्योग स्टार्ट किया और आजीविका मिशन के तहत अपने उद्योग को लगातार जारी रखे हुए हैं। देवराकला निवासी स्व-सहायता समूह की ओमवती बर्मन ने बताया कि 2018 में वह समूह से जुड़कर अपना कार्य शुरू किया था। शुरुआत में इनके साथ केवल 11 महिलाएं थी, इसके बाद धीरे-धीरे उन्होंने अपने साथ अन्य महिलाओं को जोड़ा और उन्हें अपनी स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग महाप्रबंधक अजय श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी व उद्योगपति उपस्थित थे।

## खरीफ विपणन पंजीयन में किसानों को आ रही समस्या को दूर करने सलाह

**कटनी,यशभारत।** खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में पंजीयन कराने के दौरान कृषकों को आ रही समस्याओं को दूर करने सलाह दी गई है। इसके तहत किसान द्वारा दर्ज कराया गया नाम आधार से भिन्न होने पर किसान को आधार केंद्र, पोस्ट ऑफिस जाकर आधार में नाम संशोधित कराना होगा। यदि किसान द्वारा दर्ज कराया गया नाम भू-अभिलेख में दर्ज नाम से भिन्न है तो किसान को संबंधित राजस्व अधिकारी से संपर्क कर भू अभिलेख में नाम संशोधित कराना होगा। मूल भू-स्वामी की मृत्यु होने पर फसल का पंजीयन न होने की समस्या के निराकरण हेतु वैद्य वारिस या उत्तराधिकारी के नाम से भूमि का नामांतरण होने पर ही वारिस के नाम से पंजीयन किया जा सकेगा। गिरदावरी में दर्ज फसल, रकवा, सिंचित तथा असिंचित रखवा एवं मौके पर बोई गई फसल रकवा, सिंचित असिंचित रकवा में अंतर होने पर एम.पी. किसान एप में दावा-आपत्ति के विकल्प को चयन कर सही फसल रकवा, सिंचित, असिंचित रकवा की स्थिति दर्ज कराना होगा। इसके लिए संबंधित पटवारी, नायबतहसीलदार, तहसीलदार से संपर्क कर समस्या का निराकरण करना होगा। साथ ही गिरदावरी में संशोधन के उपरांत ही पंजीयन किया जा सकेगा।

## खदान श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना में कर सकते आवेदन

**कटनी,यशभारत।** प्रदेश के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाइट, लौह-मैग्नीज-क्रोम और अयस्क खदान श्रमिकों के अध्ययनरत बच्चों को शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए वित्तीय सहायता योजना में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत पुत्र-पुत्रियों को कक्षा 1 से उच्च शिक्षा ग्रहण करने पर छात्रवृत्ति और गणवेश के लिये एक हजार से अधिकतम 25 हजार रूपये स्वीकृत की जाती है। योजना में लाभ प्राप्त करने के लिए छात्र-छात्राओं को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आनलाईन आवेदन करना होगा। प्री-मेट्रिक के लिए 30 सितम्बर और पोस्ट-मेट्रिक के लिए 31 अक्टूबर 2022 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने, पात्रता की जानकारी एवं शर्तें ऑनलाईन प्रदर्शित हैं। ऑनलाईन आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज स्वच्छ एवं पठनीय हों। आवेदन करने के बाद अध्ययनरत शिक्षण संस्थान से सम्पर्क स्थापित कर अपने आवेदन को ऑनलाईन सत्यापन करवा कर स्कॉलरशिप पोर्टल से अग्रेषित करवाना जरूरी है। आवेदन के सत्यापन कराए जाने की जिम्मेवारी विद्यार्थियों की होगी। पोर्टल में प्रदर्शित अन्य विभागों द्वारा छात्रवृत्ति हेतु अधिक राशि प्रदान की जाती है, तो ऐसे आवेदक संबंधित विभाग की छात्रवृत्ति हेतु आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन करने संबंधी अन्य किसी भी प्रकार की समस्या के निदान हेतु जबलपुर मुख्यालय पर संपर्क किया जा सकता है। मध्यप्रदेश परिक्षेत्र में संचालित अपने नजदीकी औषधालय और चिकित्सालयों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अथवा वैद्य प्रभारी से भी व्यक्तिगत रूप से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों एवं संस्थान द्वारा सत्यापित नहीं किए गए आवेदनों पर विचार नहीं होगा। कल्याण आयुक्त द्वारा सभी इंस्टिट्यूट नोडल ऑफिसर एवं शैक्षणिक संस्थान प्रमुखों से कहा है वे अपनी शैक्षणिक संस्थान में लंबित सभी आवेदनों को त्वरित सत्यापित करें एवं योजना के पात्र अधिक से अधिक विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजना में सम्मिलित होने हेतु प्रोत्साहित भी करें।



# जनसेवा अभियान के तहत शिविरों में ग्रामीणों को मिल रहा लाभ

### जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर की जा रही आवश्यक तैयारी और व्यवस्थाएं




**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत ग्रामीणों से आवेदन पत्र लिए जाकर परीक्षण एवं सत्यापन कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराए जाने का सिलसिला निरंतर जारी है। जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे के निर्देश पर आई आयोजित शिविरों में आवश्यक तैयारियां और व्यवस्थाएं की जा रही है, ताकि ग्रामीणों को असुविधा नही हो। श्री गोमे के निर्देश पर सर्वे दलों द्वारा घर घर जाकर पात्र हितग्राहियों को चिन्हित किया जाकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित स्थानों पर शिविरों का आयोजन हुआ। सीईओ ने ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी योजना का पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे इस बात का विशेष ध्यान रखें। चिन्हित योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों का समुचित परीक्षण एवं सत्यापन किया जाए। श्री गोमे ने प्राप्त आवेदन पत्रों की फील्डिंग निर्धारित समय पर किए जाने के निर्देश भी प्रदान किए हैं। सीईओ श्री गोमे ने कहा कि केंद्र अथवा राज्य सरकार द्वारा संचालित संचालित जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता में रखें। कोई भी पात्र हितग्राही छूटे नहीं इसकी निगरानी विशेष रूप से की जाए।



# जिले के 1183 छात्रों को लैपटॉप की राशि वितरित

**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से कटनी जिले के 1183 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खाते में लैपटॉप की राशि का अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश के 91 हजार 493 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को योजना से लाभान्वित करने उनके बैंक खाते में राशि अंतरित की है। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में ऐसे मेधावी विद्यार्थी जिन्होंने 12वीं कक्षा में प्रथम प्रयास में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें लैपटॉप हेतु प्रत्येक विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि उनके बैंक खाते में डाली गई है। जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय माधव नगर सहित सभी स्कूलों में छात्र-छात्राओं ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के दिए संबोधन को वर्चुअल देखा और सुना। राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का सीधा प्रसारण, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से भी किया गया। कटनी जिले के 2 छात्र-छात्राओं को लाल परेड ग्राउंड राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता करने के निर्देश प्राप्त हुए, जिसमें शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी से गणित संकाय में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा कुमारी प्रिया सिंह एवं कला संकाय में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त बार्डस्ले कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी की छात्रा कुमारी सायमा बेगम नें भोपाल में जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी. सिंह एवं श्रीमती कल्पना खरे, प्राचार्य के साथ सम्मान प्राप्त करने हेतु सहभागिता की।

# नवरात्र व दशहरा पर्व को लेकर बदली शहर की ट्रैफिक व्यवस्था

### बड़े वाहनों के शहर प्रवेश पर रोक, डायवर्ड रूट से जाएंगे ऑटो व कार

**कटनी, यशभारत।** नवरात्र व दशहरा पर्व पर आमजन को परेशानी व जाम का सामना न करना पड़े इसके लिए यातायात पुलिस ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव करते हुए ट्रैफिर के रूट में परिवर्तन किया है। बड़े वाहन, तीन पहिया व चार पहिया वाहनों का रूट डायवर्ड करते हुए इनका शहर के अंदर प्रवेश वर्जित किया गया है। जानकारी के अनुसार शहर में मुख्य मार्गों पर जगह-जगह पंडालों में माता की प्रतिमा स्थापित की जाती है। वहीं बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्र से लोग यहां दर्शनों को पहुंचते हैं। इसके कारण सड़कों पर पैदल चलने वालों की भीड़ हो जाती है। इन स्थितियों को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से यातायात पुलिस ने बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के साथ ही मार्ग में भी बदलाव किया है। यातायात प्रभारी विनोद दुबे ने बताया कि रविवार से लेकर आगामी 6 अक्टूबर तक शहर के अंदर सभी प्रकार के भारी भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। रात 2 बजे के बाद परिस्थिति के अनुसार वाहनों को प्रवेश करने की अनुमति प्रदान की जाएगी। शहर के अंदर 407 वाहन व एलपीटी का प्रवेश भी वर्जित रहेगा।

### इन स्थानों में प्रतिबंधित रहेगा वाहनों का प्रवेश

-जगन्नाथ चौक से घंटाघर गर्ग चैराहा व माई नदी पुल तक सभी तीन पहिया और चार पहिया लोडिंग व्हीकल, कमर्सियल व्हीकल का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

-थाना तिराहा से सुभाष चौक, बरही नाका व गोल बाजार की ओर सभी तीन पहिया चार पहिया लोडिंग व्हीकल, ई-रिक्शा ऑटो कार का प्रवेश बंद किया गया है।

-बरही नाका से हनुमान मंदिर व सुभाष चौक की ओर सभी तीन पहिया, चार पहिया वाहन का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

-आजाद चौक से शेर चौक, सराफा बाजार की ओर समस्त तीन पहिया, चार पहिया कमर्शियल व्हीकल का प्रवेश बंद किया गया है।

### डायवर्ट रूट से वाहनों के आवागमन की रहेगी अनुमति

-वाहन थाना तिराहा से एसबीआई चौक, कचहरी चौराहा, वीआईपी रोड से होते हुए स्टेशन की ओर जाएंगे।

-सिल्वर टाकीज रोड, खोवा मंडी गली से सुभाष चौक की और सभी तीन पहिया व चार पहिया वाहन प्रवेश नहीं करेंगे और कपड़ा बाजार से झंडा बाजार होते हुए गुजरेंगे।

-दुर्गा चौक से शहर की ओर आने वाले सभी कमर्शियल वाहन, लोडिंग वाहन कटनी जंक्शन पांच नंबर प्लेटफॉर्म, गायत्री नगर पुलिया, मुड़वारा स्टेशन मिशन चौक होते हुए जाएंगे।

-माधवनगर बरगवां की ओर से जगन्नाथ चौक बस स्टैंड जाने वाले समस्त वाहनों को ओवर ब्रिज से निकाला जाएगा।



# दृष्टिबाधित कृष्णा के माता पिता से कलेक्टर ने की भेंट

### बच्चों की पढ़ाई और घर- परिवार के बारे में ली जानकारी

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर ने बहोरीबंद के तिगवॉ निवासी दृष्टिबाधित छात्र कृष्णा चौधरी के माता-पिता से भेंट की। कलेक्टर ने घर- परिवार की स्थिति और अन्य बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कृष्णा काफी होनहार और प्रतिभावान छात्र है, उसे खूब पढ़ायें, भविष्य में उसको शिक्षा और इलाज के लिए जो भी जरूरी होगा वह मदद करेंगे। विदित हो कि कलेक्टर श्री मिश्रा बुधवार को मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत आयोजित शिविर के निरीक्षण के लिए बहोरीबंद जनपद क्षेत्र के भ्रमण पर थे। उसी दौरान ग्राम तिगवॉ में मॉ शारदा के मंदिर के गेट में कलेक्टर को दृष्टिबाधित कृष्णा मिला, जिससे संवाद कर कलेक्टर ने नाम और पढ़ाई की जानकारी ली, कृष्णा ने बताया कि वह जबलपुर की मूक- बधिर स्कूल में कक्षा पांचवी में पढ़ता है। नवरात्रि की छुट्टी में वह घर आया है। छुट्टी के बाद होने वाली परीक्षा की तैयारी करने की भी जानकारी कृष्णा ने कलेक्टर को दी। कृष्णा ने कलेक्टर श्री मिश्रा को देवी भक्ति का लोक गीत गाकर सुनाया। जिससे कलेक्टर काफी प्रभावित हुए और उसकी गायिकी की प्रतिभा की सराहना कर उत्साह बढ़ाया।

## जन जागरूकता की गतिविधियां जारी

**कटनी,यशभारत।** जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे के निर्देश पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता संवाद और विविध प्रकार की गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। कूड़ा कचरा प्रतिबंधित करने के लिए आवश्यक अधोसंरचना का निर्माण तथा सामुदायिक डस्टबिन का उपयोग प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक आइटम्स एवं उसके दुष्प्रभाव से आम जनता तथा विक्रेताओं को सुसंगत जानकारी से अवगत कराना, प्रत्येक ग्राम में सार्वजनिक अथवा दृश्य स्थानों पर पड़े हुए घूरों की सफाई करना और भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति को समाप्त करने की सभी गतिविधियांए ओडीफप्लस की गतिविधियों पर आधारित संवाद कार्यक्रमए गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग रखने के फायदे से समुदाय में जागरूकता की गतिविधियांए खुले में कूड़ा कचरा नहीं फेंकने, आयोजन किया जा रहा है। जन जागरूकता गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा ।

## पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को दी जावे पार्किंग शुल्क में छूट

**कटनी,यशभारत।** हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु परेशान न होना पडे इस हेतु नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा निगम के पार्षदों के साथ गुरूवार दोपहर टी.सी.बजान स्कूल प्रांगण स्थित प्रधान मंत्री आवास योजना कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में आवेदन करनें वाले हितग्राहियों की संधारित पंजी का निरीक्षण कर हितग्राहियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक जानकारी प्रदाय करने हेतु काउंटर स्थापित किये जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रांगण में उपस्थित हितग्राहियों द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजना से संबंधित कार्य हेतु कार्यालय से संपर्क करने पर पार्किंग शुल्क लिये जाने की शिकायत किए जानें पर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा उपस्थित अधिकारी कर्मचारी को कार्यालय में योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु संपर्क करने वाले हितग्राहियों से नियमानुसार पार्किंग शुल्क में छूट का लाभ प्रदाय करनें के निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान पार्षद राजेश भास्कर, श्याम पंजवानी, पूर्व पार्षद राजू माखीजा, उमेन्द्र अहिरवार, ओमप्रकाश सोनी बल्ली सहित राजू शर्मा सहित अन्य जनों की उपस्थिति रही।



## शातिर बदमाश गजनी गिरफ्तार

कटनी, यशभारत। चोरी के मामले में वर्षो से फरार शातिर व निगरानीशुदा बदमाश को रेल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रेल पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शहर का शातिर व निगरानीशुदा बदमाश 30 वर्षीय दीपक उर्फ गजनी पिता गजनी निषाद वर्ष 2011 से चोरी के मामले में फरार चल रहा था। न्यायालय ने उसकी गिरफ्तारी के लिए स्थायी वारंट जारी किया था। बताया जाता है कि बीतीरात रेल पुलिस ने मुखबिरों की सूचना पर उसे गिरफ्तार किया है। रेल पुलिस के अनुसार दीपक उर्फ गजनी जिलाबदर का भी आरोपी है।

## एक और प्रकरण में सीईओ ने राशि वसूली हेतु जारी किया नोटिस

कटनी,यशभारत। एक और अन्य प्रकरण में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी के प्रतिवेदन पर विकासखंड बड़वारा की ग्राम पंचायत कुआं के तत्कालीन प्रधान सरपंच प्रहलाद सोनी और प्रभारी सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायक अतुल सिंह द्वारा पंचायत निधि से सीसी रोड एवं ग्रेवल निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने तथा तथा गुणवत्ताहीन और क्षतिग्रस्त निर्माण के संबंध में अनियमित व्यय राशि 11,30,431 ग्यारह लाख तीस हजार चार सौ इकतीस रुपए की वित्तीय अनियमितता पाए जाने के फलस्वरूप न्यायालय अपर कलेक्टर कटनी द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत राज एवम ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए परीक्षण किया गया।

# आनंद मेले का लुत्फ उठाया लोगों ने, मनोरजंक गेम्स भी





**कटनी,यशभारत।** मारवाड़ी समाज का अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में आनंद मेला राजस्थान महिला मंडल द्वारा आयोजित किया गया। मेला में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई एवं समाज के परिवार द्वारा ही व्यंजन का स्टाल एवं खेलकूद के स्टाल लगाए गए। कार्यक्रम में महिला मंडल द्वारा राजस्थानी वेशभूषा को लेकर फैशन शो एवं घूमर की प्रस्तुति दी गई। महिला मंडल अध्यक्ष सपना सरावगी ने बताया कि अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में पारंपरिक रूप से प्रतियोगिताएं की जाती है । इस वर्ष 20 सितंबर से लगातार दिन में तीन से चार प्रकार की बच्चों एवं महिलाओं की प्रतियोगिता रखी गई। 26 सितंबर अग्रसेन जयंती के दिन समाप्त होकर पुरस्कार वितरण किया गया। और साथ ही गोपाल शर्मा परिवार द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। आनंद मेले में मारवाड़ी समाज के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अग्रसेन महाराज एवं मां लक्ष्मी जी के पूजन आरती द्वारा किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया एवं मंचासीन कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रीमती सपना अभिनंदन सरावगी ने समाज की एकता एवं समरसता को लेकर अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रवीण बजाज राजस्थान भवन ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष भगवानदास महेश्वरी सचिव मुरारी गट्टानी, डॉक्टर चांडक, मधुसूदन बगड़िया, गोपाल सिंघानिया नवयुवक मंडल अध्यक्ष, शरद सरावगी, रमेश अग्रवाल, संपत गट्टानी, अभिनंदन सरावगी, अजय खंडेलवाल, संजय शर्मा, राजा सरावगी, राजेंद्र तोलासरिया, संजय खंडेलवाल, श्रीमती रेनू गट्टानी सचिव, श्रीमती हनसा अजय खंडेलवाल कोषाध्यक्ष, श्रीमती अलका सरावगी उपाध्यक्ष, रश्मि सरावगी उपाध्यक्ष, श्रीमती आरती तोलासरिया सह सचिव, श्रीमती मधु शर्मा सह कोषाध्यक्ष, संगीता बजाज, श्रीमती कृष्णा सरावगी, शैल बगड़िया, श्रीमती मंजू तोलासरिया, लता बजाज मार्गदर्शिका, वंदना सरावगी, हेमा सरावगी, सारिका अग्रवाल, सपना गट्टानी, रिचा गट्टानी, श्रीमती सुनीता अग्रवाल, श्रीमती नीतू सरावगी, संतोष बजाज, श्रीमती कल्पना खंडेलवाल एवं मारवाड़ी सामाजिक परिवार की उपस्थिति रही।

# अक्तूबर के पहले हफ्ते ही 21 फिल्मों के बीच भयंकर भिड़ंत, पीएस 1 को मात देगी गॉडफादर और घोस्ट?

**मुंबई, एजेंसी सितंबर का महीना सिनेप्रेमियों के लिए काफी खास रहा। बीते महीने में ब्रह्मास्त्र, पोन्नियन सेल्वन और विक्रम वेधा जैसी शानदार फिल्में रिलीज हुई हैं। लेकिन अक्तूबर का महीना भी मनोरंजन के लिहाज से काफी खास है।**

अक्तूबर के पहले हफ्ते में ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए कई धमाकेदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिसमें हिंदी से लेकर साउथ सिनेमा की मूवीज शामिल हैं। आइए आपको इस हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्मों की पूरी लिस्ट दिखाते हैं।
हिंदी में रिलीज होने वाली फिल्में

### हिंदी में मचेगा धमाल

बॉलीवुड इंडस्ट्री पर इन दिनों हर किसी की नजरें हैं। ब्रह्मास्त्र को छोड़ दिया जाए कई समय से इस इंडस्ट्री की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल नहीं मचा पा रहीं। इसी बीच इस हफ्ते हिंदी में सिनेमाघरों में एक साथ नौ फिल्में रिलीज हो रही हैं, जिसमें गॉडफादर, घोस्ट, आ भी जा ओ पिया, हिंदुत्व, गुडबाय, राज दर का, नजर अंदाज, मासूम कातिल और चक्की शामिल है। बता दें कि गॉडफादर और घोस्ट साउथ फिल्म है, जिसे हिंदी में भी रिलीज किया जा रहा है। यह दोनों फिल्में 5 अक्तूबर को रिलीज होंगी। वहीं, बाकि फिल्में 7 अक्तूबर को रिलीज होंगी।





गॉडफादर

### तेलुगू में रिलीज होंगी ये तीन फिल्में

तेलुगू में भी इस हफ्ते एक साथ दो बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं, जिसमें पहली गॉडफादर है, जिसके जरिए सलमान खान साउथ में अपना डेब्यू कर रहे हैं और दूसरी नागार्जुन की फिल्म घोस्ट है। इसके अलावा, इन दोनों फिल्मों के साथ स्वाति मुथ्यम भी रिलीज हो रही है। यह तीनों फिल्में 5 अक्तूबर को रिलीज होंगी।
तमिल फिल्में

### तमिल में आ रही हैं ये फिल्में

इस हफ्ते तमिल भाषा में तीन फिल्मों के बीच टक्कर देखने को मिलेंगी, जिसमें बॉर्डर, सथुरंगा वेत्तई 2 और धा धा शामिल है। अब देखने होगा कि बॉक्स ऑफिस पर इन तीन फिल्मों में से कौन कमाल दिखा पाता है।

### टिकट टू पैराडाइज

### इंग्लिश में बस यह एक

इंग्लिश रोमांटिक फिल्मों को पसंद करने वाले दर्शकों के लिए यह हफ्ता खास है। इस हफ्ते 6 अक्टूबर को टिकट टू पैराडाइज रिलीज हो रही है। यह एक रोमांटिक और कॉमेडी फिल्म है, जिसमें जूलिया रॉबर्ट्स, कैटलिन डेवर और जॉर्ज क्लूनी नजर आएंगे।

### कन्नड़ में इन फिल्मों के बीज जंग

कन्नड़ भाषा में इस हफ्ते दो फिल्मों के बीच टक्कर होगी। इसमें पहली फिल्म द चैकमेट है, जो ड्रामा और थ्रिलर से भरपूर होगी। वहीं, दूसरी फिल्म का नाम नान खादर नान हुदगी सुपर है। इस फिल्म में फैमिली के साथ खूब सारा रोमांस दिखाया जाएगा। यह दोनों फिल्में 7 अक्तूबर को रिलीज होंगी।

### मलयालम में लगेगा चौका

मलयालम भाषा में इस हफ्ते एक साथ चार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें रॉर्शचाच, सैटरडे नाइट, शुभदिनम्, और क्राइम-सस्पेंस से भरपूर फिल्म सिद्दी रिलीज होंगी। यह सभी फिल्में 7 अक्तूबर यानी शुक्रवार को सिनेमाघरों में दस्तक देंगी।

### पंजाबी में एक

इस हफ्ते सिनेमाघरों में इस हफ्ते सरगुन मेहता और दिलजीत दोसांझ दस्तक देने वाले हैं। उनकी बेबे भांगड़ा पौंडे ने 7 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह एक रोमांटिक और कॉमेडी फिल्म है, जो फैंस को खूब पसंद आने वाली है।

# अर्चना गौतम ने सलमान खान से किया शादी पर सवाल बोलीं- आपकी तरह टेंशन फ्री रहना चाहती हूं

**मुंबई, ईएमएस। बिग बॉस के 16 वें सीजन की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। सलमान खान के इस शो में कई चर्चित और विवादित कंटेस्टेंट्स ने हिस्सा लिया है। हर सीजन में कोई ना कोई एक ऐसा कंटेस्टेंट शो में आता है जो अपनी एंट्री के साथ ही दर्शकों का ध्यान खींच लेता है। इस बार भी ऐसा हुआ। अर्चना गौतम ने च्बिग बॉसज् में आते ही धमाल मचाना शुरू कर दिया है।**



शो पर आने से पहले अर्चना का वीडियो दिखाया गया, जिसमें वह कहती हैं कि वह अपने साथ शो में सिलबट्टा लेकर जाएंगी क्योंकि उन्हें चटनी बहुत पसंद है। इसके बाद जब अर्चना शो में जाती हैं तो सलमान खान उनका स्वागत करते हैं। उनकी बातों को सुन सलमान खान भी उनकी टांग खींचते हैं।

### सलमान खान और अर्चना गौतम।



सलमान खान ने अर्चना से उनकी लव लाइफ के बारे में पूछा तो एक्ट्रेस ने जवाब दिया कि मेरी लाइफ में सिर्फ एक बॉयफ्रेंड था जिससे मैं प्यार करती थी मगर वो मुझसे प्यार नहीं करता था, उसे सिर्फ मेरे पैसों से प्यार था। तभी से मैंने डिसाइड किया कि मैं अब कोई बॉयफ्रेंड नहीं बनाऊंगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह एक नेता से शादी करना चाहती हैं।
उन्होंने कहा कि मैं भी नेता हूं, वह भी एक नेता होंगे तो हमारे बीच कम लड़ाई होगी। अपनी फील्ड का इंसान होगा तो कोई दिक्कत नहीं है। इस पर सलमान कहते हैं कि शायद आपको बिग बॉस में कोई मिल जाए तो अर्चना कहती हैं आप मुझे क्यों फंसा रहे हैं। मैं सिंगल ही ठीक हूं। सलमान अर्चना से यह भी पूछते हैं कि आपको शादी क्यों नहीं करनी? इस पर अर्चना कहती हैं आपने शादी क्यों नहीं की अब तक? मैं भी आपकी तरह टेंशन फ्री रहना चाहती हूं। जैसे आपकी लाइफ में कोई लफड़े नहीं हैं, अकेले बिंदास रहो। मैं भी आपकी तरह रहना चाहती हूं।
बता दें कि अर्चना गौतम ने मिस बिकिनी इंडिया 2018 जीता था। साथ ही उन्होंने मलेशिया में आयोजित मिस कॉसमॉस वर्ल्ड 2018 में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया था और मोस्ट टैलेंट का उप खिताब जीता था। अर्चना ने 2015 में बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उनकी पहली फिल्म च्ग्रेट ग्रैंड मस्तीज् थी, जो बॉक्स ऑफिस पर सफल रही। इसके बाद वह च्हसीना पारकरज् और च्बारात कंपनीज् में भी नजर आई। वह एमएलए का चुनाव भी लड़ चुकी हैं।

# मस्तराम फेम केनिशा के बोल्ड लुक पर फिदा हुए फैंस

मुंबई, एजेंसी। मस्तराम वेब सीरीज में अपनी बोल्डनेस का जलवा बिखर चुकी अभिनेत्री केनिशा अवस्थी अक्सर ही लाइमलाइट में बनी रहती हैं। केनिशा अपनी बोल्ड और ब्यूटीफुल इमेज के लिए जानी जाती हैं। वहीं, आए दिन अभिनेत्री सोशल मीडिया पर भी छाई रहती हैं। अब एक बार फिर केनिशा अपने लेटेस्ट लुक को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। सोशल मीडिया प केनिशा की वीडियो तेजी से वायरल हो रही है।
दरअसल, केनिशा अवस्थी अपनी सुपर हॉट अदाओं के लिए सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में केनिशा एक इवेंट में पहुंची थीं। जहां उनका बोल्ड अंदाज चर्चा का विषय बन गया। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि वह ब्लैक कलर की डीप नेक ड्रेस में इवेंट में पहुंची थीं। अभिनेत्री ने अपने लुक को हाई पोनीटेल और और न्यूड मेकअप के साथ कंप्लीट किया था। इस ड्रेस में केनिशा की कातिलाना अदाएं देख फैंस भी दीवाने हो गए। केनिशा अवस्थी के इस वीडियो पर यूजर जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर छाए इस वीडियो में केनिशा का अंदाज लोगों को काफी पसंद आ रहा है। कोई अभिनेत्री को खूबसूरत बता रहा है, तो कोई उनके लुक की तारीफ कर रहा है। ऐसे ही कई तरह के कमेंट्स कर लोग अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। केनिशा अवस्थी की बात करें तो वह पहली बार हंसमुख वेब सीरीज में नजर आई थीं। इसके बाद केनिशा एमएक्स प्लेयर की सबसे बोल्ड सीरीज मस्तराम में दिखाई दी। इस सीरीज में उन्होंने मिस रीटा का किरदार निभाया था। उनके इसी बोल्ड किरादर की वजह से उन्होंने खूब सुर्खियां भी बटोरी थीं।



# 'मेरे साईं' फेम अभिनेत्री की किडनी फेल होने के बाद हालत गंभीर, इलाज के लिए पैसे न होने से परेशानी



**मुंबई्र एजेंसी। च्मेरे साईंज् टीवी शो में अहम किरदार निभाने वाली अभिनेत्री अनाया सोनी की अचानक तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अभिनेत्री शूटिंग के दौरान बेहोश होकर गिर गई थीं।**




बताया जा रहा है कि अभिनेत्री की हालत अभी भी ठीक नहीं है। अनाया ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से फैंस को अपना हेल्थ अपडेट दिया है। अभिनेत्री की किडनी फेल हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अनाया सोनी की एक किडनी पूरी तरह से खराब हो गई है। अनाया के पिता ने बताया कि वह अभी डायलिसिस पर हैं और उनकी किडनी को बदलना पड़ेगा। पिता ने कहा कि उनकी आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। अनाया की डायलिसिस पर बहुत खर्चा हो रहा है, जो उनके परिवार के लिए संभाल पाना आसान नहीं है। ऐसे में उन्हें चिंता है कि वह इतने पैसे कहां से लाएंगे।
अनाया सोनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है। अनाया ने लिखा, च्डॉक्टर्स कह रहे हैं कि मेरी किडनी फेल हो गई है और मुझे डायलिसिस पर जाना होगा। मेरा क्रिएटाइन लेवल 15.67 पर आ गया है और हीमोग्लोबिन 6.7 पर है। मेरे हालत गंभीर है और मैं सोमवार को अंधेरी ईस्ट वाले होली स्पिरिट अस्पताल में एडमिट हो रही हूं। मेरे लिए दुआ कीजिए। जिंदगी आसान नहीं है और मैं आज में जीकर इसे आसान बनाने की कोशिश कर रही हूं। यह वक्त भी जल्दी गुजर जाएगा। जल्द ही मेरा किडनी ट्रांसप्लांट होगा और उसके बाद में किडनी के लिए अप्लाई करूंगी।

# अली फजल-ऋचा चड्ढा ने खेली फूलों की होली, भांगड़ा पर किया जोरदार डांस

**नई दिल्ली, एजेंसी। लंबे वक्त तक रिलेशनशिप में रहने के बाद बॉलीवुड एक्टर अली फजल और ऋचा चड्ढा शादी के बंधन में बंध गए। अली और ऋचा की शादी कोविड और तमाम कारणों से कई बार पोस्टपोन होती रही लेकिन अब आखिरकार दोनों 7 फेरे लेकर एक दूसरे के साथ सात जन्मों के बंधन में बंधन में बंध गए। दोनों की शादी का फंक्शन हाल ही में दिल्ली में पूरा हुआ। अब जल्द ही मेहमानों को रिसेप्शन पार्टी दी जाएगी।**





शादी के जश्न को और भी ज्यादा रंगीन बनाने के लिए कपल अभी लखनऊ में है और वहां पर भी एक आलीशान पार्टी रखी गई है। बात करें अली फजल और ऋचा चड्ढा की मेहंदी और संगीत सेरिमनी की तो इसे बहुत खास और यूनिक रखा गया। फंक्शन में दोनों का कुदरत के लिए प्यार साफ देखने को मिला। फंक्शन में फूल-पत्तियों, जूट और लकड़ियों का जमकर इस्तेमाल किया गया।
कपल ने च्फूलों की होलीज खेली जिसमें उनके परिवार के लोग और दोस्तों ने पार्टिसिपेट किया। पारंपरिक अंदाज में सारी चीजें की गई लेकिन रंगों और हल्दी की जगह फूलों का इस्तेमाल किया गया। इसके बाद ऋचा चड्ढा को कलरफुल बैकग्राउंड में मेहंदी लगाई गई और उनकी दोस्तों ने भी मेंहदी लगवाई।
शादी के इस जश्न में परंपराओं के बीच ऋचा चड्ढा और अली फजल के दोस्तों ने परफॉर्मेंस दीं। ऋचा चड्ढा के बचपन के दोस्त ने उन्हें एक शानदार परफॉर्मेंस देकर उन्हें सरप्राइज कर दिया। वहीं उनके भाई ने एक गाना गाया और भांगड़ा पर परफॉर्मेंस दी। इसके बाद अली फजल और ऋचा चड्ढा ने फुकरे और अंबरसरिया फिल्म के गानों पर परफॉर्म किया।

# टॉपलेस हुईं Drishyam की एक्ट्रेस श्रिया सरन, साड़ी से बदन ढककर खिंचवाईं ये PHOTOS

अजय देवगन की फिल्म दृश्यम में लीड रोल प्ले करने वाली एक्ट्रेस श्रिया सरन ने कातिलाना लुक में तस्वीरें खिंचवाई हैं। साउथ की सुपरस्टार एक्ट्रेस श्रिया सरन ने अजय देवगन की दृश्यम समेत कुछ हिंदी फिल्मों में काम किया है। हाल ही में Drishyam 2 का पोस्टर और रिकॉल वीडियो शेयर किया गया है और इसके बाद अब श्रिया सरन ने अपने टॉपलेस फोटोशूट की ये तस्वीरें शेयर की हैं।

### साड़ी से बदन ढककर कराया शूट

फोटोज में श्रिया सरन सिर्फ एक साड़ी से खुद को ढकती नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है जो उनके लुक को और भी ज्यादा बोल्ड और दिलकश बना रहे हैं। श्रिया ने बैक साइड से पोज दिया है और कुछ तस्वीरें साइड से भी खिंचवाई हैं। इन फोटोज को शेयर करते हुए श्रिया ने लिखा- साड़ी में बस ऐसी लगती हूं।

### पहन लेतीं तो और अच्छी लगतीं

श्रिया सरन का खुद को साड़ी में दिखाने का ये अंदाज फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा रहा है। फोटोज को अभी तक ढाई लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं और कमेंट सेक्शन में तो लोग श्रिया के लुक्स की तारीफें करते नहीं थक रहे। एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा- सेक्सी लग रही हो। वहीं दूसरे ने लिखा- पहन लेतीं तो शायद और भी अच्छी लगतीं।



## राम का रोल करने में डर रहे थे प्रभास, शूटिंग के तीसरे दिन डायरेक्टर से कही थी ये बात

मुंबई, एजेंसी। रामायण की कहानी को बिलकुल नए अंदाज में दिखाती फिल्म dipurush का टीजर वीडियो हाल ही में रिलीज कर दिया गया है। फिल्म के टीजर वीडियो को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है, हालांकि सोशल मीडिया पर इसे काफी ट्रोल भी किया जा रहा है। फिल्म के VFX दर्शकों को कुछ खास पसंद नहीं आए और ये एक VFX फिल्म से ज्यादा कोई कार्टून फिल्म ज्यादा लग रही है। फिल्म के बारे में बात करते हुए प्रभास ने बताया कि वह इस फिल्म पर काम करते हुए बहुत डरे हुए थे।
प्रभास ने बताया, मैं राम का रोल करते हुए बहुत डरा हुआ था। मैंने शूटिंग के तीन दिन बाद निर्देशक ओम राउत को फोन करके कहा कि अगर मैं कोई गलती करूंगा तो...? हमने बहुत डेडिकेशन के साथ यह फिल्म बनाई है और भगवान राम हम पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें।

# जगतजननी के दर्शनार्थ भक्तों का रतजगा

## सप्तमी पर जगह-जगह विराजीं मां जगदम्बा, आकर्षक विद्युत साज सज्जा से रोशन हो रहा शहर



कटनी, यशभारत। बारडोली की गौरवशाली परंपरा का निर्वाह करते हुए नगर के कोने-कोने में कल सप्तमी पर मां जगदम्बे की विभिन्न स्वरूपों वाली दुर्गा प्रतिमाओं की विधि विधान के साथ स्थापना कर दी गई। शहर में कहीं-कहीं पंचमी पर भी दुर्गा प्रतिमाओं की भी स्थापना कर दी गई थी। दुर्गा समितियों द्वारा की गई आकर्षक और चकाचौंध विद्युत साज सज्जा से पूरा शहर दूधिया रोशनी से नहा रहा है। हर तरफ दुर्गोत्सव की ही धूम नजर आ रही है। दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शनार्थ का सिलसिला कल सप्तमी से शुरू हो गया। कल पहले ही दिन सड़कों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। आज अष्टमी और कल नवमी पर भी यह सिलसिला जारी रहेगा।

आदिशक्ति जगतजननी मां दुर्गा की शक्ति आराधना के महापर्व नवरात्र की धूम अब पूरे शहर में नजर आ रही है। श्रद्धालु माता की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। भोर होते ही माता के जयकारों की गूंज से सारा आलम गुंजायमान हो रहा है। पूरा शहर दूधिया रोशनी से नहा रहा है। कदम-कदम पर मां जगदम्बा की भव्य प्रतिमाओं की स्थापना कर दी गई है, जिनके दर्शनार्थ श्रद्धालु सड़कों पर रतजगा कर रहे हैं।



जानकारी के मुताबिक इस बार नवरात्र पर्व पर शहर में एक सैकड़ा से अधिक स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। अधिकांश जगहों पर नवरात्र की बैठकी और पंचमी को ही दुर्गा प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कर दी गई थी, इसके अलावा कहीं-कहीं पर कल सप्तमी पर प्रतिमाएं स्थापित की गईं। नवरात्र एवं दशहरा पर्व के मद्देनजर पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां की गई हैं। चौराहों से लेकर शहर से बाहर जाने वाले मार्गों पर पुलिस की तैनाती की गई है। वरिष्ठ अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। पुलिस द्वारा भीड़ बढ़ने की स्थिति में नाकों पर गांवों से आने वाली भीड़ को रोकने का भी प्रयास किया जाएगा।



### कल विर्सजित होंगे मंदिरों के जवारे


कल 4 अक्टूबर को नवरात्र पर्व की नवमी पर जवारा विर्सजन के साथ नवरात्र का समापन होगा। जालपा मढ़िया से जवारा विसर्जन जुलूस रात 8 बजे शुरू होगा और पुरानी बस्ती, जवारा गली होते हुए कटनी नदी पहुंचेगा, जहां भक्तिभाव के बीच जवारों का विसर्जन होगा। इसके अलावा अन्य मंदिरों से भी जवारा जुलूस शुरू होगा और कटनी नदी के विभिन्न घाटों पर जवारों का श्रद्धा और आस्था के साथ विसर्जन किया जाएगा।

## नवरात्र : अष्टमी पर मातारानी को लगा अठवाई का भोग

### मंदिरों में दर्शन के लिए उमड़ी भीड़, कई जगह हवन और भंडारे का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** नवरात्र पर्व की महाअष्टमी के अवसर पर आज आदिशक्ति जगतजननी मां दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना करते हुए अठवाई का भोग लगाया गया। इस अवसर पर घरों के साथ ही शहर के मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मातारानी के दर्शन किए। यहां पूजा अर्चना का सिलसिला अल-सुबह से शुरू होकर दोपहर तक चलता रहा। मंदिरों में आज मां दुर्गा का विशेष श्रृंगार भी किया गया। घरों में कहीं-कहीं कन्या भोजन का भी आयोजन किया गया। कल नवरात्र पर्व की नवमी पर जवारा विसर्जन के साथ ही नवरात्र पर्व का समापन हो जाएगा। शहर के प्रमुख देवी मंदिर जालपा वार्ड स्थित जालपा मढ़िया, आजाद चौक स्थित आदिशक्ति जगत जननी दुर्गा मंदिर, बाबली टोला स्थित मरही माता मंदिर, जालपा वार्ड स्थित काली मंदिर, झंडा बाजार खेरमाई मंदिर, भूमि प्रकट मां शारदा मंदिर बरगवां, घंटाघर स्थित काली मंदिर, अशोक कालोनी स्थित मां शेरावाली मंदिर, तिलक कालेज रोड स्थित खेरमाई मंदिर, खिरहनी फाटक के पास स्थित भूमि प्रकट मां शारदा मंदिर, तिलक कॉलेज रोड स्थित बलखंडी माता की मढ़िया, खेरमाई माता मंदिर ओएफके, दख्खिन माता की मढ़िया खिरहनी फाटक, दुर्गा मंदिर एसीसी, खेरमाई मढ़िया विवेकानंद वार्ड, कुठला स्थित चंडिका देवी मंदिर, नई बस्ती शहीद द्वार दुर्गा मंदिर, उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों में नवरात्र की अष्टमी पर मां दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना की गई। भोर होते ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे थे। माता को जल ढारने के बाद अठवाई का भोग लगवाया गया। शहर के प्रमुख आस्था के केन्द्र जालपा मढ़िया में श्रद्धालुओं की जबर्रदस्त भीड़ देखी गई।

### कल नवमी पर होगा जवारों का विसर्जन, परसों दशहरा



## मां महागौरी

नवरात्र के आठवें दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा की जाती है। भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए मां ने कठोर तपस्या की थी। इस कारण उनका रंग काला पड़ गया था और वह शारीरिक रूप से बहुत कमजोर हो गई थी। शिवजी को प्रसन्न करने के बाद माता ने अपने स्वास्थ्य और स्वरूप को पुन: प्राप्त करने के लिए फिर से तपस्या की। इस तपस्या के बाद माता के शरीर से उनका श्याम वर्ण अलग हुआ और मां कौशिकी प्रकट हुई। मां पार्वती गौरवर्ण हो गई इसलिए इनका नाम महागौरी पड़ा। दरअसल, यह मां की लीला थी। राक्षस शुंभ और निशुंभ के वध के लिए देवी कौशिकी का अवतरित होना आवश्यक था इसलिए माता ने यह लीला रची। माता के इस स्वरूप को अन्नपूर्णा, ऐश्वर्य प्रदायिनी, चैतन्यमयी भी कहा जाता है। मां के इस रूप के पूजन से शारीरिक क्षमता विकसित होती है और मानसिक शांति बढ़ती है। माता शक्ति जब 8 वर्ष की बालिका थीं, तब देव मुनि नारद ने इन्हें इनके वास्तविक स्वरूप से परिचित कराया। फिर माता ने शिवजी को पति रूप में प्राप्त करने के लिए तपस्या की। मात्र 8 वर्ष की आयु में घोर तपस्या करने के कारण इनकी पूजा नवरात्रि में आठवें दिन की जाती है। महागौरी मां को शिवा भी कहा जाता है। अपने इस स्वरूप में ये नंदी पर सवार रहती हैं। इनके एक हाथ में त्रिशूल, दूसरे में डमरू है। तीसरा हाथ अन्नपूर्णा और चौथा हाथ वर मुद्रा में है। मां श्वेत और मनभावन रूप में अपने भक्तों के कष्ट हरती हैं।

**इनकी आराधना का मंत्र है :**

**श्वेत वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचि :। महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा ।।**


# जामदार हॉस्पिटल

गोलबाजार जबलपुर

फोन 2410333, 2412333, 2415333 फैक्स- 0761-4006933

CGHS, CS MA, ECHS, WCR, BSNL, M.P. GOVT., MP POLICE, SBI, PNB, ICMR, MEDICLAIM, AYUSMAN BHARAT, MP TOURISM



Dr. (Smt) Shirish Jamdar
M.S. (Gyne & Obs)





Dr. Jitendra Jamdar
M.S. (Ortho.)

**स्त्री रोग व प्रसूति विभाग**
- काल्पोस्कोपी
- क्रायोकाट्राईजेशन
- सामन्य प्रसव
- ऑपरेश से डिलेवरी
- सामान्य व वजाइनल हिस्ट्रेक्टॉमी

**सुपरस्पेशिलिटी**
- निश्चेतना
- किडनी व पथरी
- फेफड़े एवं छाती
- पेट एवं लीवर
- नाक-कान-गला
- जनरल सर्जरी
- आशीर्वाद डिजीटल एक्स-रे एवं कलर डॉप्लर
- त्रिवेणी पैथोलॉजी
- फिजियोथैरेपी

**सुपरस्पेशिलिटी अस्थि रोग**
- 24 घण्टे ट्रॉमा यूनिट
- स्पाईनल इंजुरी सर्जरी
- कूल्हे का उपचार
- घुटनों का उपचार
- अस्थि रोगों का उपचार
- ऑर्थोस्कोपी
- इलिजेरो तकनीक
- हेन्ड सर्जरी

# त्रिवेणी हेल्थ केयर

जामदार हॉस्पिटल का नया प्रकल्प



Dr. (Smt) Anushri Jamdar
M.R.C.P. (U.K.)
Fellowshlp in Diabetology





Dr. Janmejay Jamdar
Mch. (Neuro)

**डायबिटीज एवं जनरल मेडिसिन**
- डायबिटीज एवं मेटाबोलिज्म डिस्आर्डर
- स्वास्थ्य एवं मोटापा क्लीनिक
- डाईबिटिक फुट का उपचार
- जनरल मेडिसिन
- हाथ एवं पैरों में सूजन का उपचार
- ब्लडप्रेशर की समस्या
- घबराहट का उपचार
- सीने में दर्द महसूस होना
- थायराईड का उपचार

**हमारी विशेषताएँ**
- निश्चेतना एवं दर्द प्रबंध
- आकस्मिक एवं क्रिटिकल केयर
- पाचन तंत्र सर्जरी
- आंतरिक चिकित्सा
- नेफ्रोलौजी
- हड्डी रोग एवं खेल चिकित्सा
- रेडियो डायग्नोसिस
- मूत्रवेग चिकित्सा
- फिजियोथैरेपी एवं हाइड्रोथैरेपी
- जनरल सर्जरी
- नाक-कान-गला विभाग
- मिनिमल एक्सेस सर्जरी
- न्यूरोलॉजी
- निवारक स्वास्थ्य जाँच
- प्लास्टि सर्जरी
- पैथोलॉजी
- प्रसूति रोग विभाग
- बाल्यरोग चिकित्सा

**न्यूरो सर्जरी विभाग**
- मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के विशेषज्ञ
- दूरबीन पद्धति द्वारा रीढ़ के रोगों का ईलाज
- बेन हेमरेज
- लकवा का आत्याधुनिक उपचार उपलब्ध
- सर, गर्दन, कमर दर्द का उपचार
- शियाटिका, नसो का दर्द एवं झनझनाहट
- स्लिप डिस्क
- माइक्रो-न्यूरो सर्जरी
(Minimal Invasive Surgery)

THC TRIVENI HEALTH CARE

पता: त्रिवेणी हेल्थकेयर, 1480, राईट टाउन, राईट टाउन स्टेडियम, जबलपुर-482002,
मोबाईल : 7566003344, फोन: 0761-3500283


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)